जी ना सकोगे राम नाम के बिना | by Sanjana Vohra

जी ना सकोगे श्री राम के बिना
मर ना सकोगे राम नाम के बिना
साँसों में बसा लो श्री राम को सदा
दिल में समा लो हनुमान की तरह
कर ना पाओगे कोई काम भी भला
जपोगे नहीं जो हनुमान की तरह

रह ना पायेगा तू राम से जुदा
जप लेना तू प्रभु नाम को सदा
करेगा जो सेवा हनुमान की तरह
बिगड़े बनेंगे तेरे काम भी सदा

माला जो जपेगा श्री राम की सदा
भक्ति करेगा हनुमान की तरह
राम तेरे कितने नाम तू बता
कहते हैं राम नाम राम से बड़ा

अयोध्या के राजा श्री राम हैं सदा
चरणों में इनके तू शीश झुका
मानता हैं जिनको सारा ही जहाँ
दिल में बसा लो श्री राम को सदा

जी ना सकोगे श्री राम के बीना
मर ना सकोगे राम नाम के बिना
साँसों में बसा लो श्री राम को सदा
दिल में समा लो हनुमान की तरह
भक्ति मिले ना हनुमान के बिना
मुक्ति मिले न श्री राम के बिना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a4%be-by/